


# पंचदश बिहार विधान सभा

## षष्ठम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-05 बुधवार, दिनांक-08 अगस्त, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.15 बजे अप० तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित । इसके उत्तर से माननीय सदस्य के असंतुष्ट होने पर इसे आसन द्वारा प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपूर्द किया गया ।

(ii) 04 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 24 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न क्रमांक 335, 337 एवं 341 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vi) 167 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र, श्री सम्राट चौधरी एवं श्री दिनेश कुमार सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना के नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] विशेषाधिकार :-

माननीय सदस्य श्री शिवजी राय द्वारा विशेषाधिकार की सूचना को पढ़ा गया तथा आसन द्वारा इसे विशेषाधिकार समिति को सुपूर्द किये जाने की घोषणा की गई ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह (ii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(iii) श्री राजकुमार राय (iv) श्री जनक सिंह

(v) श्री कुमार शैलेन्द्र
(vi) श्री चित्तरंजन कुमार
(vii) श्री प्रमोद कुमार
(viii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(ix) श्री प्रदीप कुमार
(x) श्री अमन कुमार
(xi) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(xii) श्री गोपालजी ठाकुर
(xiii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(xiv) श्री रामनेरश प्रसाद यादव
(xv) श्री कृष्णनंदन यादव

[5] ध्यानाकर्षण :-

(i) माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' एवं अन्य सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित दिनांक 3 एवं 7 अगस्त, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया । उत्तर से माननीय सदस्यों के असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा विभाग के प्रधान सचिव से इसके जाँच करवाने का निदेश सरकार को दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 03.08.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित दिनांक 07.08.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा आसन द्वारा इसे प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपूर्द की जाने की घोषणा की गई ।

(iv) माननीय सदस्य श्री दाउद अली एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

''सदन की सहमति से सदन की अवधि शेष कार्य पूरा होने तक बढ़ाए जाने की घोषणा आसन से की गई ।''

(v) माननीय सदस्य श्री कृष्णनंदन यादव एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा आसन द्वारा इसे प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपूर्द की जाने की घोषणा की गई ।

(vi) माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) वाणिज्यकर विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा एस०ओ० 102, दिनांक 22.06.2012, एस०ओ० 104, 106, 108, 110 एवं 112 दिनांक 26.06.2012, एस०ओ० 116, दिनांक 04.07.2012 तथा एस०ओ० 120 दिनांक 11.07.2012 की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि ये अधिसूचनाएँ 14 दिनों तक सभा मेज पर रखी रहेगी ।

(ii) माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विनिर्मित अधिसूचना संख्या-02, दिनांक 29.03.2012 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री पी०के० शाही द्वारा बिहार नगर प्रारम्भिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2012 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि यह नियमावली दस (10) दिनों तक सभा मेज पर रखी रहेगी ।

(iv) माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री पी०के० शाही द्वारा बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2012 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(v) माननीय प्रभारी मंत्री श्रम संसाधन विभाग श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग का वर्ष 2011-12 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(vi) माननीय सभापति अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण समिति श्री रमेश ऋषिदेव द्वारा समिति का 30वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(vii) माननीय सभापति निवेदन समिति श्री शालीग्राम यादव द्वारा समिति का 69वाँ, 70वाँ एवं 71वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(viii) माननीय सभापति आश्वासन समिति श्रीमती लेशी सिंह द्वारा समिति का 233वाँ, 234वाँ एवं 235वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

[7] <u>याचिकाओं का उपस्थापन</u> :-

सभा सचिव द्वारा कुल 42 याचिकाओं का सभा पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.15 बजे अप० से 05.15 बजे अप० तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष ने आसन ग्रहण किया ।)

[8] <u>गैर सरकारी संकल्प</u> :-

(i) 09 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

(ii) 03 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।

(iii) 77 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

गैर सरकारी संकल्प संख्या-54 के निस्तारण के दौरान सदन की सहमति से आज के लिए सूचीबद्ध कार्यों के निष्पादन तक सदन की अवधि का विस्तार हुआ ।

(गैर सरकारी संकल्प संख्या-75 के निस्तारण दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[9] <u>प्रश्नों का विवरण</u> :-

सदन नेता द्वारा सूचित किया गया कि पंचदश विधान सभा के षष्ठम् सत्र में कुल 1125 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई, जिनमें 691 प्रश्न स्वीकृत हुए । इसमें 11 अल्पसूचित, 517 तारांकित एवं 163 अतारांकित प्रश्न थे । स्वीकृत प्रश्नों में से 90 प्रश्न उत्तरित हुए जबकि 178 प्रश्नोत्तर सभा पटना पर रखे गये । उत्तर संलग्न प्रश्नों की संख्या 21, अपृष्ठ प्रश्न 6 तथा 396 प्रश्न अनागत हुए ।

[10] <u>माननीय अध्यक्ष का समापन भाषण</u> :-

यथा संलग्न ।

तदुपरान्त सभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-08.08.2012

**लक्ष्मीकान्त झा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।